एम.एम. कॉलेज, फतेहाबाद का सीडीएलयू साइंस कॉन्क्लेव 2025 में शानदार प्रदर्शन

एम.एम. कॉलेज, फतेहाबाद के 95 विद्यार्थियों और 7 स्टाफ सदस्यों ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में आयोजित साइंस कॉन्क्लेव 2025 में भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार विचारों को प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

कॉन्क्लेव में माननीय कुलपति प्रो. विजय कुमार जी ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा एम.एम. कॉलेज, फतेहाबाद को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही डॉ. पंकज शर्मा (सलाहकार, कुलपति) और प्रो. राममेहर दीक्षित (डीन ऑफ कॉलेजेज) ने विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की।

कॉलेज टीम ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने 20 वर्किंग मॉडल, 3 पोस्टर प्रेजेंटेशन और 4 ओरल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए।

यह सहभागिता विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक अनुभव रही, जिसने वैज्ञानिक जिज्ञासा, टीम भावना और नवाचार को प्रोत्साहन दिया।

विशेष धन्यवाद –

मैडम श्रुति, मैडम मंजू, मैडम शैंकी, मैडम Tanya, श्री मुकुल, श्री नरेंद्र नागपाल एवं भाई नरोतम जी का, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हुई।